एशियन रीजनल कॉन्फ्रेंस के अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने केंद्रीय भेड़ ऊन संस्थान में उपलब्धियों का किया अवलोकन

मालपुरा। यूएसए की बेथकिली ने प्रदर्शनी का फीता काट शुभारंभ किया।

मालपुरा। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों सहित एमएटी युनिवर्सिटी के प्रशिक्षणार्थी छात्रों का मेला लगा। एशियन रीजनल कॉन्फ्रेंस ऑन् गोट –एआरसीजी 2018- के अंतर्गत जयपुर एमएटी यूनिवर्सिटी में संचालित कान्फ्रेंस के अंतर्गत वैज्ञानिकों का दल एक दिवसीय भ्रमण व किसानों से रूबरू होने के लिए गुरूवार को अविकानगर पहुंचा जहां निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने वैज्ञानिकों की अगुवानी की तथा केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने राजस्थानी परंपरानुसार कलश बंधाया। भेड़ बकरी, चारा व चरागाह विकास सहित अन्य विषयों पर वैज्ञानिक कान्फ्रेंस से संबंधित केंद्रीय संस्थान अविकानगर की उपयुक्तता तब साबित हुई जब वैज्ञानिकों व प्रशिक्षणार्थी छात्रों व सैलानियों ने संस्थान के विभिन्न सेक्टरों का भ्रमण कर विभिन्न नस्लों की भेड़, मेंढ़े व मेमनों के अलावा अलग अलग किस्म की बकरियां तथा खरगोश देखे। सैलानी वैज्ञानिकों के दल ने अविकानगर संस्थान में स्थित विशाल प्रयोगशालाएं व चारा चरागाह के विकसित खंड सहित अनेक प्रकार की शोधित तकनीक युक्त उपलब्धियां देखी। संस्थान द्वारा इस अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन किया ।

प्रदर्शनी का किया उद्‌घाटन

प्रदर्शनी का शुभारंभ यूएसए की बेथकीली ने फीता काट कर किया। प्रदर्शनी में वैज्ञानिक दल ने संस्थान द्वारा तैयार की गई विभिन्न वस्तुओं व शोधित तकनीकों का अवलोकन किया। वरिष्ठ प्राचार्य वैज्ञानिक मीडिया प्रभारी डॉ. आर सी शर्मा ने बताया कि जयपुर के अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में एकत्र करीब 18 से ज्यादा देशों के वैज्ञानिकों का एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में रखा गया है। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों ने संस्थान में अर्जित तकनीकियां देखी, किसानों से चर्चा की व उनकी स्थिति की समीक्षा की। भ्रमण दल में करीब ढाई सौ लोग शामिल थे। इस अवसर पर निदेशक डॉ. अरुण तोमर , डॉ. ए साहू ने अतिथियों को संस्थान की आंतरिक व बाह्य जानकारियां प्रदान की।

वैज्ञानिक वार्ता भी हुई

डॉ. एस एस मिश्रा, एमएटी के प्रो वाइस चांसलर डॉ. जी के एसेरी, एआरजी के आयोजन सचिव डॉ. जे एस सोहाल, वाइस चांसलर एमएटी डॉ. अरुण पाटिल, चांसलर एमएटी यूनिवर्सिटी डॉ. असीम चौहान, ज्योति विद्यापीठ वुमन युनिवर्सिटी जयपुर की वाइस चांसलर डॉ. रूही दहिया, चेयरमैन व सीईओ उत्तराखंड शीप एंड वूल डवलपमेंट बोर्ड डॉ. अविनाश आनंद भी अविकानगर आए। इस अवसर पर संस्थान ऑडिटोरियम में वैज्ञानिक वार्ता भी आयोजित की गई।

सेमिनार में शोधार्थियों ने संस्थान का किया भ्रमण

मालपुरा अविकानगर संस्थान में प्रदर्शनी का अवलोकन करते देश-विदेश के शोधार्थी।

संस्थान निदेशक ने दी जानकारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में गुरुवार को आयोजित एशियन रीजनल कान्फ्रेंस ऑन गोट्स में देश-विदेश व विभिन्न विश्वविद्यालयों के आए शोधार्थियों व वाइस चांसलरों ने संस्थान द्वारा अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों व गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए किसानों से मुलाकात की।

एशियन रीजनल कान्फ्रेंस ऑन गोट्स के तहत आयोजित सेमिनार में अमेटी विश्वविद्यालय जयपुर के प्रो वाइस चांसलर डॉ. जी. के. आसेरी, सचिव डॉ. जे. एस. सोहेल, चांसलर डॉ. असीम चौहान, ज्योति महिला विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. रूही दहिया, भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड उत्तराखण्ड के सीईओ डॉ. अविनाश आनन्द सहित देश-विदेश के शोधार्थियों के संस्थान में पहुंचने पर संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ए. साहू व सह-समन्वयक डॉ. एस. एस. मिश्रा, केन्द्रीय विद्यालय अविकागनर के विद्यार्थियों ने माल्यार्पण व तिलक लगाकर स्वागत किया। संस्थान निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर ने संस्थान द्वारा भेड़-बकरी पालन के क्षेत्र में संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई तकनीकों व शोध के क्षेत्र के बारे में बताया। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने संस्थान की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा संगोष्ठी में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्थान के सभी सैक्टरों का भ्रमण कर संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए संस्थान द्वारा विकसित किए गए ऊन उत्पादों की सराहना की। सेमिनार में यूएसए, चीन, नेपाल सहित अन्य कई देशों के शोधार्थी छात्रों ने भाग लिया।

बैंकिंग की जानकारी दी

पीपलू. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा की ओर से आर. के. एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गतवर्कशॉप का आयोजन किया बैंकिग क्षेत्र में आने वाले परिवर्तनों तथा भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम के बारे में बताया गया। शाखा प्रबन्धक गायत्री शर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र निर्माण की अपील की।